उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या 153/2018/2832 /92-2-2018-29जांच/2017
लखनऊ :: दिनांक:: 01 नवम्बर , 2018

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद उन्नाव में दिनांक 23-04-2017 को निरीक्षण के दौरान कतिपय सम्पर्क मार्गो के सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन व अन्य निर्माण कार्यो में बिना निविदा आमंत्रित किये कार्य प्रारम्भ कराये जाने की अनियमितता हेतु प्रथम दृष्ट्या उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-56/2017/633/92-2-2017-30जांच/2017 दिनांक 05-05-2017 द्वारा श्री दिनेश सिंह, तत्का0 सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-उन्नाव के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक जांच संस्थित करते हुये प्रकरण की जांच हेतु अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-कानपुर को पदेन जांच अधिकारी नामित किया गया। जांच अधिकारी/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-कानपुर के पत्र संख्या-1525/ग्रा0अ0वि0/एस0टी0/अनु0जां0/श्री दिनेश सिंह/सहा0अभि0/17-18 दिनांक 11-12-2017 द्वारा जांच आख्या शासन में उपलब्ध करायी गयी ।

2- जांच अधिकारी/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परि0-कानपुर की जांच आख्या दिनांक 11-12-2017 में अपचारी अधिकारी, श्री दिनेश सिंह पर अधिरोपित मात्र एक आरोप आंशिक रूप से सिद्ध पाये जाने पर उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-9(4) के अंतर्गत शासन के पत्र सं0-388/92-2-18-29जांच/2017 दिनांक 13-02-2018 द्वारा उनका अभ्यावेदन मांगा गया, जो उनके दिनांक रहित पत्र के माध्यम से 12-07-2018 को शासन में प्राप्त हुआ।

3- अपचारी अधिकारी पर अधिरोपित आरोप, जांच अधिकारी की जांच आख्या, अपचारी अधिकारी के अभ्यावेदन व अन्य संगत अभिलेखों के परीक्षणोपरान्त अपचारी अधिकारी, श्री दिनेश सिंह, तत्का0 सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-उन्नाव सम्प्रति प्रखण्ड-कासगंज के विरूद्ध आरोप सिद्ध न पाये जाने के दृष्टिगत शासन के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 05-05-2017 द्वारा संस्थित अनुशासनिक कार्यवाही को बिना किसी दण्ड के समाप्त किये जाने की एतदद्वारा श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूददीन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-153/2018/2832 /(1)/92-2-2018 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2- श्री दिनेश सिंह, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पी0आई0यू0-उन्नाव सम्प्रति प्रखण्ड-पीलीभीत द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ
3- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(वी0के0 सिंह)
संयुक्त सचिव।